प्रेस–विज्ञप्ति

दिनांक 1 फरवरी, 2021 को केन्द्रीय आम बजट 2021 प्रस्तुत होने पर मर्चेन्ट्स चेम्बर आफ उत्तर प्रदेश द्वारा डा0 गौर हरि सिहांनिया सभागार में चेम्बर के सदस्यों, व्यापारियों एवं उद्यमियों के साथ बजट पर चर्चा हेतु बैठक आयोजित की गयी।

चेम्बर के अध्यक्ष सी0ए0 मुकुल टण्डन ने कहा कि सरकार द्वारा जब कोई बजट प्रस्तुत किया जाता है तो हर क्षेत्र एवं वर्ग को बजट में कई अपेक्षायें होती हैं, आज के बजट में भी आम आदमी, व्यापारियों एवं उद्यमियों को काफी अपेक्षायें थीं। जब भी कोई अपेक्षा पूरी नहीं होती तो स्वाभाविक है कि तकलीफ अवश्य होती है। कुछ व”ोंं पहले तक हम यह सोंचतें थे कि इस बार बजट में किस वस्तु के दाम बढ़गें है। आज हम अपेक्षा करते हैं कि इस बजट से हमें क्या मिलेगा। इन्ही अपेक्षाओं के बीच हम यह कह सकते हैं कि यह बजट एक सन्तुलित बजट है। जिसमें सरकार की तरफ से खर्च व पूॅजीकरण को बढ़ावा दिया जायेगा, जिससे मांग बढ़ेगी और आर्थिक प्रगति के पहिये को रफ्तार मिलेगी, जो कोविड–19 के कारण स्थिर हो गया थां वह तेजी से चलने लगेगा।

आज के आम बजट 2021 की बैठक में चेम्बर के अध्यक्ष सी0ए0 मुकुल टण्डन, उपाध्यक्ष श्री अतुल कानोडिया, पूर्व अध्यक्ष श्री पदम कुमार जैन, सचिव श्री महेन्द्र नाथ मोदी, फिजकल कमेटी के चेयरमैन सी0ए0 सुधीन्द्र जैन, इन्फ्रास्ट्रेक्चर कमेटी के चेयरमैन श्री ‘याम महरोत्रा, डा0 जे.एन.गुप्ता, सुशील ‘ार्मा, श्री विजय पांडे, सिद्वार्थ कासीवार, सी0ए0 अक्ष्य ग्प्ता तथा उद्योग जगत के प्रबुद्व समदस्यगण उपस्थित थें।

महेन्द्र नाथ मोदी
सचिव